प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मुद्रा ऋण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभार्थियों के साथ दिल्ली में अपने निवास पर बातचीत की। अप्रैल 2015 से शुरू हुई इस योजना को आज दस साल पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को बधाई दी और बताया कि यह योजना लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना को इसलिए शुरू किया गया था ताकि अनगिनत व्यक्तियों को वित्तीय सहायता मिल सके और वे अपनी उद्यमिता कौशल को प्रदर्शित कर सकें। प्रधानमंत्री ने बताया कि मुद्रा ऋण में 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं और लगभग आधे लाभार्थी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं। बातचीत के दौरान लाभार्थियों ने भी प्रधानमंत्री से अपनी उद्यमिता अनुभव साझा किए।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से गुजरात के अहमदाबाद में होने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन और कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप राठौर सहित प्रदेश के अन्य कांग्रेस नेता भी इस अधिवेशन में मौजूद रहेंगे।

वोकेशनल शिक्षक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल शिक्षकों का शिमला में चल रहा रोष प्रदर्शन आज भी जारी है। वोकेशनल शिक्षक संघ की मांग है कि वे सर्विस प्रोवाइडर कंपनी के अधीन कार्य नहीं करना चाहते और केंद्र से आने वाला पैसा कंपनी को न देकर सीधे व्यावसायिक शिक्षकों को दिया जाए। इस बीच वोकेशनल शिक्षकों के धरने को लेकर कल शिमला में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट केंद्र का है और प्रदेश सरकार के हाथ में जो होगा, वो किया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर शिमला में सघर्षरत दृष्टिबाधित संघ की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इनकी मांगों के प्रति संवेदनशील है।

पोषण पखवाड़ा

महिला और बाल विकास मंत्रालय के तहत आज से देश में पोषण पखवाड़े का 7वां संस्करण आरंभ हो गया है। इस वर्ष के पोषण पखवाड़ा का फोकस चार मुख्य विषयों पर है, जिनमें जीवन के पहले 1000 दिनों के दौरान देखभाल, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार–प्रसार, कुपोषण का प्रभावी प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना शामिल है। पोषण अभियान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरूकी गई प्रमुख पहल है। इस अभियान के तहत हिमाचल में भी पोषण जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम 22 अप्रैल तक आयोजित किये जायेंगे।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा है और अधिकतम तापमान में बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। राज्य के 10 जिलों में पारा 30 डिग्री से ऊपर चल रहा है, जबकि ऊना में पिछले कल तापमान 36 दशमलव 8 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में गर्म हवाएं चलेंगी।

महासंघ

संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने एरियर, डीए सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। कर्मचारी महासंघ की कल शिमला जिला इकाई की बैठक कालीबाड़ी में हुई जिसमें कर्मचारियों ने वित्तीय देनदारियों की अदायगी न होने पर सरकार के खिलाफ रोष जाहिर किया। संयुक्त कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान ने कहा कि बैठक में आगामी रणनीति पर योजना बनाई गई है। संयुक्त कर्मचारी महासंघ प्रदेश के सभी जिलों में इस तरह के अधिवेशन करेगी। उन्होंने कहा कि ओपीएस लागू करना राज्य सरकार का पहला वादा था लेकिन उसमें भी भेदभाव करते हुए बिजली बोर्ड सहित निगमों व बोर्डों में इसे लागू नहीं किया गया है।